## तीन वर्ष से पुराने पेंशन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें : जिला कलेक्टर

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय पेंशन प्रकरण निस्तारण समिति एवं आरजीएचएस के अंतर्गत पेंशनर्स व अन्य लाभार्थियों को प्रदत्त चिकित्सा सुविधाओं को लेकर आ रही समस्याओं के समाधान के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने तीन वर्ष से पुराने पेंशन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में पेंडिंग पेंशन प्रकरणों को भी निस्तारित करने को कहा। समारिया ने निर्देश दिए कि पेंशनर्स से संबंधित जो सूचनाएं कोष कार्यालय को भेजी जाती हैं उनमें एम्पलॉय आईडी एवं सेवा निवृत्ति तिथि का उल्लेख आवश्यक रूप से किया जाए। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. घनश्याम मीणा, अतिरिक्त कोषाधिकारी दुर्गेश कुमार विजय, पेंशन विभाग से सहायक लेखाधिकारी नीरज बालनिया एवं कोष कार्यालय पेंशन प्रकोष्ठ से वरिष्ठ सहायक अनीस अहमद उपस्थित थे।

## ज्ञान भारतम् मिशन के संबंध में बैठक

**कोटा,** (निसं)। पांडुलिपि परियोजना ज्ञान भारतम् मिशन के संबंध में बैठक बुधवार को अधीक्षक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हेमेन्द्र कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विषयों की पांडुलिपि विरासत के लिए पांडुलिपि जिला सर्वेक्षण कार्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके तहत शैक्षणिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, मंदिरों, मठों ओर संग्रहालयों व निजी संग्रहकर्ताओं के साथ सहयोग व समन्वय स्थापति कर हर घर दस्तक सहित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में उपनिदेशक पर्यटन विकास पाण्ड्या एवं सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग के.के. खण्डेलवाल भी उपस्थित रहे।

# तीन साल से कर रहे सेवा, 120 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया

- समर्पित सेवा कार्य के लिए वैश्य समाज ने सुरेन्द्र अग्रवाल किरवाड़ा का किया सम्मान
- निःशुल्क चढ़ाते हैं रक्त, दवा अन्य खर्च भी कर रहे वहन

**कोटा,** (निसं)। बूंदी जिला निवासी बादाम बाई को एप्लास्टिक एनीमिया है, 10-15 दिन में खून चढ़ाने की जरुरत पड़ती है, तीन साल में वृद्धा को 120 यूनिट ब्लड उपलब्ध करा चुके सुरेन्द्र अग्रवाल किरवाड़ा का वैश्य सेवारत संस्था की ओर से अग्रवाल ब्लड बैंक शीला चौधरी रोड पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अनूठी और अविस्मर्णीय सेवा के लिए आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला व समाज के प्रबुद्धजनों ने सुरेन्द्र अग्रवाल का स्वागत किया और इस कार्य को ईश्वरीय कार्य बताया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए राजेश बिरला ने कहा कि मानवीय सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हम अपनों की सेवा ही कुछ दिन करने के बाद हताश हो जाते हैं, लेकिन किसी अनजान की सेवा वह भी तीन सालों तक करना और उनके लिए हर सुविधा उपलब्ध कराना समर्पित सेवा कार्य है। इस कार्य से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। बूंदी जिले के देई के निकट कोलाहेड़ा गांव की 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला बादाम बाई, जो एप्लास्टिक एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, उनके लिए सुरेंद्र अग्रवाल पिछले तीन साल से लाईफ सपोर्ट बने हुए हैं। जब महिला के शरीर ने खुद खून बनाना बंद कर दिया, तो सुरेंद्र ने जिम्मेदारी उठाई। अब तक वे इस मरीज के लिए 120 यूनिट से ज्यादा ब्लड का इंतजाम करवा चुके और ट्रांसफ्यूजन के दौरान अस्पताल का पूरा खर्च भी उठा रहे हैं। एक शिविर के दौरान मिली इस वृद्धा को तभी से रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।

सुरेंद्र कहते हैं कि हमने उसी दिन तय कर लिया कि माताजी की जिम्मेदारी हम उठाएंगे। अब जब भी यह कोटा आते हैं तो बस स्टैंड पर हमारा कोई साथी लेने पहुंच जाता है, इनको निजी अस्पताल में भर्ती कराकर जरूरी जांचों के बाद ब्लड चढ़वाते हैं और वापस बस स्टैंड तक छोड़ते हैं। पिछले 3 वर्षों में 120 यूनिट से ज्यादा ब्लड चढ़ाया जा चुका। ब्लड तो निःशुल्क उपलब्ध कराते ही हैं, अस्पताल संबंधी खर्चे और दवाईयों का भी इंतजाम करके देते हैं। इनकी आंख का ऑपरेशन भी हमने कराया था।

अपने कार्यों से सुरेन्द्र ने समाज में सेवा और मानवता की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने आमजन से रक्तदान के लिए आगे आने तथा जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। इस अवसर पर प्रादेशिक सेवारत संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल, आरसी गुप्ता, रमेश चंद खंडेलवाल, रमेश चंद विजय, राजेश जसोरिया, मनोज पोरवाल, इंद्रेश कुमार गर्ग, पुरुषोत्तम गर्ग, राजेंद्र जैन, कैलाश गुप्ता, संजय अग्रवाल पुरुषोत्तम चित्तौड़ा, प्रकाश चंद गुप्ता, अनिल गुप्ता, जीपी मित्तल, नरेंद्र मोदी गुप्ता, शंकर मित्तल, महेंद्र मित्तल, सीताराम मंगल, पुरुषोत्तम सिंगल, मुकेश गुप्ता, महावीर प्रसाद जैन,रवि खंडेलवाल, नरसिंह चित्तौड़ा, सुरेश गर्ग, अरविंद गोयल, संजय अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक की कलेक्टर से मुलाकात

- 70 हजार डीपीएनजी कनेक्शन के लिए आधारभूत संरचना विकसित

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया से बुधवार को राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान समारिया ने कहा कि कोटा के जिन क्षेत्रों में राजस्थान स्टेट गैस द्वारा पाइपलाइन से घरेलू गैस सुविधा (डीपीएनजी कनेक्शन) के लिए आधारभूत सुविधा विकसित कर ली गई है उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से डीपीएनजी कनेक्षन उपलब्ध कराएं। डीपीएनजी कनेक्षन जारी कर उन क्षेत्रों को एलपीजी फ्री जोन घोषित किया जाए। उन्होंने आरएसजीएल से कॉलोनियों में जागरुकता षिविर आयोजित कर डीपीएनजी कनेक्षन देने, औद्योगिक क्षेत्रों में कनेक्षन जारी करने और सीएनजी-पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा।

जिला कलेक्टर को राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने कोटा शहर में आरएसजीएल द्वारा पाइपलाइन बिछाने और सीएनजी स्टेशनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सस्ती, सुरक्षित और 24 घंटे उपलब्ध घरेलू गैस सुविधा के लिए एलपीजी सिलेण्डरों पर निर्भरता छोड़कर डीपीएनजी सुविधा से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

पाटनी ने बताया कि कोटा शहर में करीब 70 हजार परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ने का नेटवर्क विकसित किया जा चुका है। साथ ही, आरएसजीएल द्वारा उद्योगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, ढाबों, हॉस्टल, रेस्टोरेंट आदि को भी डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। चर्चा के दौरान राजस्थान स्टेट गैस के उप महाप्रबंधक कोटा सीपी चौधरी, उप महाप्रबंधक मार्केटिंग विवेक रंजन, उप महाप्रबंधक सीएनपी विवेक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**बूंदी** (निसं)। महिला आरक्षण के विरोध और अधिकारों की अनदेखी के खिलाफ महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ बुधवार को चौगान गेट दरवाजे पर हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया ।

भाजपा शहर प्रवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर महिलाओं को उनका हक देने का प्रयास किया, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध किया । उन्होंने कहा कि महिलाओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मोदी सरकार उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी है तो मुमकिन है। महिलाओं को उनका हक जरूर मिलेगा। लेकिन जो लोग महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ हैं, उनसे सवाल पूछना होगा। संसद में उठी आशंकाओं का गृहमंत्री ने एक एक कर जवाब दिया कि किसी को नुकसान नहीं होगा, लेकिन विपक्ष को तो महिलाओं का विरोध करना था और उन्होंने बता दिया कि इसकी मानसिकता कितनी खराब है। अब महिलाओं को ज्वाला बनकर काम करना होगा।

पूर्व उप जिला प्रमुख डॉ बृजबाला गुप्ता ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जब पूरा देश महिला आरक्षण का स्वागत कर रहा था, तब कांग्रेस ने महिलाओं के इस अधिकार को छीनने का काम किया । हमारी नारी का अपमान हुआ है, भारत की बेटी का अपमान हुआ है। राजस्थान इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। घर-घर जाकर बताना है कि किसने महिलाओं का हक छीना । मालव ने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया से लेकर गांव-गांव तक इस मुद्दे को पहुंचाने का आ ान किया । उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार की लड़ाई अब हर घर तक जाएगी।

भाजपा नेता ओम धगाल ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है और महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में बाधा बन रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और महिला आरक्षण को लागू कर देश की आधी आबादी को उचित प्रतिनिधित्व देने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जबमहिला आरक्षण पूरी तरह से लागू नहीं हो जाता, तब तक महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा का यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में महिला आरक्षण के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस जनआंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया। प्रदर्शन के दौरान सभी ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री संजय लाठी , शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, जिला मंत्री रंजना जोशी , पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीनू शर्मा ,ललिता नुवाल, पंचायत समिति सदस्य अर्चना कवर हाडा ,शहर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, पूर्व जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, गौरव भटनागर , तुषार पारीख, मेक किराड, पप्पू गुर्जर पूर्व पार्षद पेंशु सिंह, जिला मंत्री कमलेश सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रुक्मणी मंत्री ,रीना चित्तौड़ा सहित महिला शक्ति युवा शक्ति मौजूद रही।

# शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने लिया पर्यावरण प्रेम, सेव अर्थ एवं सेव फ्यूचर का संकल्प

**कोटा,** (निसं)। शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल कोटा में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। शिव ज्योति एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक महेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संदेश देते हुए भाषण और कविताएं प्रस्तुत की। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उनके आकर्षक पोस्टरों में सेव अर्थ, सेव फ्यूचर और हरियाली ही खुशहाली जैसे संदेश देखने को मिले। शिव ज्योति एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक शिवम गुप्ता एवं वास्वी गुप्ता ने बताया कि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और दैनिक जीवन में छोटे-छोटे

कोटा शिव ज्योति स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कदम उठाने के लिए प्रेरित किया, जैसे जल संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग और अधिक से अधिक पेड़ लगाना। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर कई पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल की एकेडमिक निदेशक सीमा दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की शपथ ली। इस प्रकार विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

## निगम आयुक्त के नाम दिया ज्ञापन

**कोटा,** (निसं)। आमजन की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए एवं व्यापारियों की मांग को देखते हुए रायपुरा चौराहे पर महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने कर्मेन्द्र मीणा, शहर अध्यक्ष एसटी आदिवासी कांग्रेस के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त की अनुपस्थिति में तनुज कुमार शर्मा अधिशाषी अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र ही शौचालय बनाए जाने की मांग की है। कर्मेंद्र मीणा ने बताया कि इस स्थान पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं एवं आम नागरिकों का आवागमन रहता है, किंतु शौचालय के अभाव में उन्हें अत्यधिक असुविधा एवं असहजता का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा के लिए चिंताजनक है, बल्कि स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थानों की दृष्टि से भी गंभीर समस्या है। सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन एवं महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण अभियानों के अनुरूप इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाना आवश्यक है।

# जिला कलेक्टर ने आईटीआई का औचक निरीक्षण किया

- उद्योग केंद्र व आईटीआई में योजनाओं व कैंपस प्लेसमेंट पर दिए निर्देश

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को जिला उद्योग केंद्र एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का औचक निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं, औद्योगिक गतिविधियों एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने दोनों संस्थानों में कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोटा की विशिष्ट पहचान से जुड़े उत्पादों- धनिया, कोटा स्टोन, कोटा कचौरी, कोटा-बूंदी क्षेत्र की मिनिएचर चित्र शैली को जीआई टैग दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके लिए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया।

उन्होंने एमएसएमई क्लस्टर के विस्तार के लिए भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राजस्थान स्तर पर समन्वय कर औद्योगिक विकास को बढ़ाया जाए। राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि की आवश्यकता है, उनके लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला कलेक्टर ने पुराने इंडस्ट्रियल एरिया भीमपुरा से जुड़े मामलों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं युवा स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इनका प्रचार-प्रसार डिजिटल माध्यमों से भी किया जाए, ताकि स्वरोजगार से जुड़े अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित कर आने वाले लोगों को योजनाओं की पूरी जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने संचालित कोर्सेज, बैच, ट्रेड्स एवं यूनिट्स की जानकारी ली तथा वर्कशॉप का अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर प्रशिक्षण एवं रोजगार संबंधी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई में अधिक से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया जाए, ताकि छात्रों को प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्लेसमेंट प्राप्त पूर्व छात्रों की एलुमिनी मीट आयोजित की जाए, जिससे वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिले और रोजगार के अवसर बढ़े।

इस दौरान उप निदेशक पवन चौरसिया ने जानकारी दी कि संस्थान में मारुति सुजुकी, जेसीबी एवं होंडा जैसी कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे ट्रेड्स में बड़ी संख्या में छात्र प्रशिक्षण ले रहे हैं और इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं भी बेहतर हैं। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा के तहत चल रहे सिविल कार्यों का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं।

## शीतल जल के लिए प्याऊ का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से टीम पंकज मेहता द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को रामपुरा स्थित थाने के पास शीतल जल पिलाने के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ का शुभारंभ नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि द्वा'रा फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

# कोटा में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- पृथ्वी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : सहायक निदेशक मीणा

**कोटा,** (निसं)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा सुधा फार्मेसी कॉलेज, नयागांव, रावतभाटा रोड कोटा के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा केवल एक दिन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमें हर दिन पर्यावरण संरक्षण के लिए सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, प्रदूषण को कम करना और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1970 में अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन द्वारा की गई थी और आज इसे 193 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य राज राजेश्वर सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 की थीम "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" है, जो नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल देती है। उन्होंने कहा कि यह दिन ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के तकनीकी सहायक प्रेम सिंह यादव ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकगण मोहित नागर, रवि नागर, विश्वजीत सिंह, नितिन वर्मा, हिमांशु गौतम, हेमंत खटीक, मोना सोलंकी एवं मोहम्मद जावेद सहित बड़ी संख्या में एएनएम एवं जीएनएम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


**खोया पाया**

शिवांगी सोनी पुत्री नितेश कुमार सोनी मकान नं. 7-D-10 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश नागर पुत्र स्व. राधेश्याम नागर, निवासी एच.पी. पेट्रोल पम्प के पास, वार्ड नं. 33, इटावा, तह. पीपल्दा, जिला कोटा का एक मकान वाके खसरा नं. 3044/905, ग्राम इटावा, तह. पीपल्दा, जिला कोटा (राज.) में स्थित है। उक्त प्लॉट को श्री कैलाश नागर के पिता स्व. राधेश्याम नागर पुत्र भारमल के द्वारा श्रीमती बिरजी बाई से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 03.02.98 से क्रय किया गया था, जिसका पंजीयन उप पंजीयक पीपल्दा में दिनांक 03.02.98 को हो रहा है। इसके पश्चात् राधेश्याम नागर का देहान्त दिनांक 21.11.13 को हो चुका है। उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके विधिक वारिसान रामलखन नागर, दीनदयाल, बिन्तोष पुत्री स्व. राधेश्याम एवं चिरोंजी पत्नी स्व. राधेश्याम नागर द्वारा द्वारा एक सहमति पत्र दिनांक 27.10.2024 को आलेखित किया गया। इसके पश्चात् नगर पालिका इटावा द्वारा उक्त सहमति पत्र के आधार पर श्री कैलाश नागर पुत्र स्व. राधेश्याम नागर के पक्ष में पट्टा विलेख (फ्रीहोल्ड) दिनांक 30.10.2024 जारी किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक पीपल्दा में दिनांक 08.11.2024 को हो रहा है।

अगर किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त वर्णित अचल सपत्ति को बैंक ऑफ बडौदा में साम्यक् बंधक रखने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कोटा

दिनांक : 22.4.26

**राजेन्द्र मंगल एडवोकेट**

मकान नंबर 322 महावीर नगर द्वितीय कोटा राज. मो. 94148-02953

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कपिल कुमार जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन, निवासी मकान नं. 3-क-7, विज्ञान नगर, कोटा द्वारा मकान नं. 824, महावीर नगर द्वितीय, कोटा (राज.) को खरीदने बाबत् करार श्री नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री हेमराज जैन, निवासी छीपाबड़ौद, जिला बारां (राज.) से किया हुआ है। उक्त मकान का आवंटन नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा श्री रामचरण पुत्र श्री हरीश चन्द को किया गया था, जिसकी लीज डीड का निष्पादन भी उनके पक्ष में दिनांक 19.12.1985 को किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, कोटा में दिनांक 20.12.1985 को हो रहा है। श्री रामचरण की मृत्यु दिनांक 29.12.1996 को हो गई। उनकी मृत्युपरान्त उक्त मकान का नाम हस्तांतरण उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भंवरी देवी पत्नी स्व. रामचरण के नाम जरिये कार्यालय आदेश दिनांक 07.12.1999 से किया गया। इसके पश्चात् श्रीमती भंवरी देवी द्वारा उक्त मकान का विक्रय श्रीमती हेमा संघवी पत्नी श्री जयन्ती लाल एवं श्री जयन्ती लाल संघवी पुत्र श्री खेमराज जी सिंघवी को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 04.10.2000 से किया गया। इसके पश्चात् श्रीमती हेमा संघवी एवं श्री जयन्ती लाल संघवी द्वारा उक्त मकान का विक्रय श्री नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री हेमराज जैन को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 03.12.2004 से किया गया। नगर निगम, कोटा द्वारा उक्त मकान का नाम हस्तांतरण श्री नरेन्द्र कुमार जैन को जरिये कार्यालय आदेश दिनांक 11.04.16 से किया जा चुका है।

अगर किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त वर्णित अचल सपत्ति को बैंक में साम्यक् बंधक रखने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कोटा

दिनांक :

**राजेन्द्र मंगल एडवोकेट**

मकान नंबर 322 महावीर नगर द्वितीय कोटा राज. मो. 94148-02953

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक : 187 जाहिर आम सूचना दिनांक : 22.04.2026

आवास संख्या 1-स-5 दादाबाडी अतिरिक्त, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री जगदीश लाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजी लाल गुप्ता को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री जगदीश लाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजी लाल गुप्ता द्वारा दिनांक 30.09.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन पूर्व श्री जगदीश लाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजी लाल गुप्ता द्वारा पूर्व में इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 21.09.1984 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री जयकुमार जैन पुत्र श्री जीतमल जैन को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री जयकुमार जैन पुत्र श्री जीतमल जैन मुख्तार आम श्री जगदीश लाल गुप्ता पुत्र श्री चिरंजी लाल गुप्ता द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 06.04.1992 को श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन को किया गया। श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-स-5 दादाबाडी अतिरिक्त, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती निर्मला कुमारी जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन

**नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नम्बर 127/2026**

चूंकि श्री गिरिराज वैष्णव पुत्र श्री रामेश्वर वैष्णव, वार्ड नं 1, ग्राम ऐबरा, पटवार हल्का कोटडा दीप सिंह बडौद, तह. दीगोद जिला कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास ''मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज विराजमान सेवा स्थान, ग्राम ऐबरा पटवार हल्का कोटडा दीप सिंह बडौद, तह. दीगोद जिला कोटा'' के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तिया यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 22.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 24.06.2026 है।

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-186 जाहिर आम सूचना दिनांक-22.04.26

आवास संख्या 3/395 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती गोविन्दी बाई पत्नी श्री चेलाराम को किया गया। इस आवास का नियमितिकरण श्री भुवनेश खूबचन्दानी पुत्र श्री भगवान दास खूबचन्दानी के नाम दिनांक 26.03.2008 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री भुवनेश खूबचन्दानी पुत्र श्री भगवान दास खूबचन्दानी द्वारा दिनांक 19.06. 2008 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री भुवनेश खूबचन्दानी पुत्र श्री भगवान दास खूबचन्दानी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.02.2010 को श्री राधा बल्लभ नागर पुत्र श्री सूरज मल नागर को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री राधा बल्लभ नागर पुत्र श्री सूरज मल नागर की मृत्यु दिनांक 29.09 2013 को एवं इनकी माता श्रीमती जगन्नाथी बाई की मृत्यु दिनांक 22.03.2020 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती मधु नागर पत्नी स्व. श्री राधा बल्लभ नागर, मूमल नागर, पुत्री स्व. श्री राधा बल्लभ नागर एवं श्री चित्रांश नागर पुत्र स्व. श्री राधा बल्लभ नागर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन अपने नाम संयुक्त रूप से किय जाने का आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती मधु नागर पत्नी स्व. श्री राधा बल्लभ नागर, मूमल नागर पुत्री स्व. श्री राधा बल्लभ नागर एवं श्री चित्रांश नागर पुत्र स्व. श्री राधा बल्लभ नागर के नाम करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्रीमती मधु नागर पत्नी स्व. श्री राधा बल्लभ नागर, मूमल नागर पुत्री स्व. श्री राधा बल्लभ नागर एवं श्री चित्रांश नागर पुत्र स्व. श्री राधा बल्लभ नागर के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती हेमलता भागवानी पत्नी स्व. श्री चिमन लाल के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**कार्यालय नगर परिषद बारां**

क्रमांक : नपबा/तामरी शाखा/2026/663 दिनांक : 17.4.26

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मनोहर बाई पत्नी श्री लक्ष्मीचन्द निवासी बारां द्वारा नाम हस्तान्तरण चाहने वास्ते आवेदन किया है। जिसमें पट्टा विलेख संख्या रुपा/06/1057 दिनांक 31.05.2006 भूखण्ड 1 से 84 खसरा संख्या 352, 353 माप 13997.33 वर्गगज वाके नाकोड़ा कॉलोनी बारां का श्रीमति रेखा पत्नी श्री गौतम कुमार, श्रीमति ज्योति जैन पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार जैन, श्रीमति गायत्री चौरसिया पत्नी श्री ओम प्रकाश व श्रीमति मधुबाला पत्नी श्री किरण कुमार के नाम जारी किया गया। तत्पश्चात पट्टाधारकों द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.05.2008 से उक्त भूखण्डों में से भूखण्ड संख्या 66 माप 1125 में से 625 वर्गफीट व भूखण्ड संख्या 67 माप 1125 में से 225 वर्गफीट को श्रीमति मनोहर बाई पत्नी श्री लक्ष्मीचन्द को बेचान कर दिया। आवेदिका द्वारा इसी आधार पर अपने नाम नाम हस्तान्तरण चाहा है।

**कोटा विश्वविद्यालय, कोटा**

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

**निविदा सूचना संख्या-04/2026-27**

विश्वविद्यालय द्वारा "Supply and Installation of Gel Documentation and other equipments in Biotechnology deptt- Under RUSA 2-0 Scheme" के अन्तर्गत अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित लागत रु. 20.00 लाख की ई-निविदा दिनांक 02.05.2026 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in और University Website www.uok.ac.in पर उपलब्ध है।

UBN:- UOK2627GLOB00004

**कुलसचिव**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/1002 दिनांक : 20.4.2026

**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास /भूखण्ड संख्या-1198 आर.के.पुरम.ए योजना का आवंटन के पत्र क्रमांक 654 दिनांक 30.04.1997 द्वारा श्री रमेश चन्द पुत्र श्री ताराचन्द महावर को आंवटित किया गया था। श्री रमेश चन्द के द्वारा श्री प्रदिप कुमार मीणा पुत्र श्री रविकान्त मीणा को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया। मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 04.04.2018 को श्रीमती सावित्री पत्नि श्री रामनारायण एवं श्रीमती सीमा नागर पत्नि श्री बृज बिहारी नागर को कर दिया गया। क्रेता श्रीमती सावित्री पत्नि श्री रामनारायण एवं श्रीमती सीमा नागर पत्नि श्री बृज बिहारी नागर ने अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास /भूखण्ड संख्या-1198 आर. के.पुरम.ए योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती सावित्री पत्नि श्री रामनारायण एवं श्रीमती सीमा नागर पत्नि श्री बृज बिहारी नागर के नाम कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-11/विक्रय/2026/363 **विज्ञप्ति** दिनांक : 22.04.2026

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की योजना स्टोनमण्ड़ी का भूखण्ड/आवास संख्या-96 श्री सुरेश चन्द सिंघल पुत्र श्री राधेश्याम एवं श्री त्रिलोक चन्द पुत्र स्व. मांगीलाल को दिनांक 20.11.2009 आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री कुन्ज बिहारी पुत्र श्री सुरेश चन्द के नाम कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 13.06.2012 को जारी कर दी गई थी। उक्त भूखण्ड कि विक्रय स्वीकृती जर्ये मुख्तारआम श्री कुन्ज बिहारी पुत्र श्री सुरेश चन्द द्वारा चाही गई है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मुख्तारआम से विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या-96 येजना स्टोनमण्डी की विक्रय स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांक: LU2012/KOT/2026-27/101186 **लोक सूचना** दि.15.04.2026

श्री RAJESH KUMAR MEENA पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री RAJENDRA KUMAR पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री MOHAN पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN श्री PAPPU LAL पुत्र श्री SHYONATH जाति MEENA निवासी SAWAR DEHIT BUNDI RAJASTHAN ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संवर, तालेडा (बूंदी) | 1.PAPPU LAL S/O SHYONATH 2.MOHAN S/O SHYONATH 3.RAJENDRA KUMAR S/O SHYONATH 4.RAJESH KUMAR S/O SHYONATH CASTE- MEENA SA. DEH KHATEDAR | 329 | 9551 | 0.9551 |
| | | | | कुल | 0.9551 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/04/2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**